जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीविवि/परीक्षा/2015/3018

दिनांक : 29/4/15

प्रति,

प्राचार्य

समस्त संबंधित महाविद्यालय,

जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

विषयः **मई–जून 2015सेमेस्टर परीक्षाओं के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय समय सीमा में भेजने बावत्।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय में लेख है कि प्रायः विश्वविद्यालय के देखने में आ रहा है कि कुछ महाविद्यालयों द्वारा उनके महाविद्यालय के सेमेस्टर परीक्षाओं के आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक समय पर अपलोड नहीं किये जाते हैं तथा उक्त परीक्षाओं की अंकों की एक प्रति जो विश्वविद्यालय में जमा करनी होती है वह भी समय पर जमा नहीं की जाती है जिससे कई छात्रों के परीक्षा परिणाम समय पर घोषित नहीं हो पाते है तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद छात्र का परीक्षा परिणाम रूक जाने के कारण छात्र विश्वविद्यालय में अनावश्यक चक्कर लगाते है।

नियमानुसार सेमेस्टर परीक्षाओं के आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक परीक्षा प्रारम्भ होने के 15 दिवस पूर्व विश्वविद्यालय में जमा होना आवश्यक है जो कुछ महाविद्यालयों द्वारा जमा नहीं किये जा रहे है।

अतः आपसे अनुरोध है माह जून, 2015 में होने वाली समस्त सेमेस्टर परीक्षाओं के अंक समय पर अपलोड कर अंकों की एक प्रति विश्वविद्यालय में निर्धारित समय पर जमा करने का कष्ट करें निर्धारित अवधि के बाद यदि महाविद्यालय द्वारा किसी भी छात्र के आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक जमा हेतु भेजे जावेंगे उन्हें किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जावेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपके महाविद्यालय की होगी।

(प्रो. अविनाश तिवारी)
परीक्षा नियंत्रक